लामा से विचार-विमर्श करने के लिये सहमत हो गया है और दोनों ही देशों द्वारा व्यक्त किये गये विचारों से आभास होता है कि उनके विचारों में बहुत कम अन्तर रहा गया है

(ख) क्या सरकार ने दोनों देशों को संधि वार्ता करवाने के लिये कोई पहल की है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

विदेश मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के० नटवर सिंह) : (क) सरकार ने दलाई लामा और चीन की सरकार के प्रतिनिधियों के बीच संपर्क के संबंध में खबरें देखी हैं ।

(ख) इन मामलों का संबंध एक ओर चीन की सरकार और दूसरी ओर दलाई लामा और तिब्बत के समुदाय के बीच संबंधों से है ।

(ग) प्रश्न नहीं उठता ।

कुतुब मीनार की दीवारों से प्राप्त मूर्तियां

3424. **श्री राम जेठमलानी :**
श्री राम नरेश यादव :

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली स्थित कुतुब मीनार की दीवारों से कुछ मूर्तियां प्राप्त हुई हैं;

(ख) यदि हां, तो इन मूर्तियों की संख्या कितनी हैं और इनके किस काल से संबंधित होने का अनुमान लगाया गया है;

(ग) क्या यह भी सच है कि इससे पूर्व भी मूर्तियां इसी स्थान से उपलब्ध हुई थीं; और

(घ) यदि हां, तो उनकी संख्या और उसके बारे में विस्तृत विवरण क्या है ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में शिक्षा और संस्कृति विभागों में राज्य मंत्री (श्री एल०पी० शाही) : (क) और (ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान मूर्ति सहित सोलह क्षतिग्रस्त तक्षित पैनल और ब्रैकेट मिले हैं । ये 9वीं-12वीं शताब्दी ईसवी सन् के लगते हैं ।

(ग) और (घ) पहले मूर्तियों के सैंतीस टुकड़े मिले थे जिनमें से अधिकांश विकृत थे । उनका विवरण देने वाली एक सूची संलग्न है । (नीचे देखिये)

विवरण

(1) एक स्तम्भ का भाग जिसके चारों तरफ़ जैन तीर्थंकर हैं ।

(2) शेर पर विराजमान देवी (दुर्गा अथवा अम्बिका) का नीचे का टूटा हुआ भाग ।

(3) स्त्री की मूर्ति

(4–7) टूटी-फूटी मूर्तियां

(8) गणेश की टूटी हुई मूर्ति

(9–13) तक्षित पैनल

(14) तक्षित दरवाजे का पाखा

(15) जैन तीर्थंकरों और देवियों की श्रृंखला दिखाने वाला सरदल ।

(16–17) स्त्रियों की मूर्तियों वाले दरवाजे के पांखे

(18) एक तरफ़ चार हाथों वाला विकृत देव और इसके पृष्ठ भाग में अरबी शिलालेख ।

(19–34) तक्षित पैनल (विकृत और क्षतिग्रस्त)

(35–36) पैनल (विकृत)

(37) विकृत सरदल

कलकत्ता में मेट्रो रेल परियोजना

3425. **श्री राम जेठमलानी :**
सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा :

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) कलकत्ता में मैट्रो रेल परियोजना को कब मंजूरी दी गई थी;